



## एक नजर में

### निबंध प्रतियोगिता और भाषण के साथ गुरुओं का किया सम्मान

**मंडलेश्वर ।** राज्य शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार चरक इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भव्य समारोह आयोजित कर गुरु जनों का सम्मान किया गया ।संस्था के चेयरमैन डॉ बद्रीप्रसाद पाटीदार डायरेक्टर भगवान पाटीदार मुख्य अतिथि लेखक इतिहासकार एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के पी एल वी दुर्गेश राजदीप एवं विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों का शाल श्रीफल कलम भेंट कर सम्मान किया गया। महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसके विजेताओं को भी अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया ।स्वागत भाषण में डॉ श्याम सिन्हा ने महाविद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला ।मुख्य अतिथि दुर्गेश राजदीप ने गुरु शिष्य परम्परा पर अपनी बात रखी ।आपने कहा कि आज का दौर गुरु शिष्य परम्परा के लिए संक्रमण काल है। ऐसे समय में शासन द्वारा यह पर्व समारोह पूर्वक सभी संस्थाओं में मनाए जाने का निर्देश देना एक आशा की किरण हैं ।आज गुरु शिष्य के संबंधों को परिभाषित करना चुनौती है ।शिक्षा देने वाला ही वास्तविक गुरु होता है यह सनातन सत्य है ।आधुनिक काल में शिक्षा का स्वरूप बदला है इस कारण गुरु शिष्य परम्परा में भी बदलाव आया है ।आशा है गुरु शिष्य परम्परा पुन: अपने मूल स्वरूप में लौटेगी जब विद्यार्थी अपने गुरुओं का फिर से सम्मान करने लगेंगे ।आभार प्रो विनोद पाटीदार ने माना ।इस अवसर पर प्रो बी एल बिरला , प्रो नवदीप जायसवाल, मनोज जायसवाल ललित पाटीदार सहित स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### स्कूल में भी ईवीएम से छात्र संघ चुनाव संपन्न हुए



**कसरावद, निप्र।** श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन द्वारा संचालित स्थानीय सीबीएसई स्कूल पैरामाउंट एकेडमी कसरावद में 12 जुलाई 2025 को छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया ।विद्यालय की मीडिया प्रभारी सीमा पाटीदार ने बतलाया कि 26 जून से 12 जुलाई तक लोकतंत्र का महापर्व मनाया गया। विद्यालय के मुख्य चुनाव आयुक्त श्री सुरेश कुमार सोनी एवं रिटर्निंग ऑफिसर दीक्षा पाटीदार ने बताया की इस बार विद्यालय में ईवीएम द्वारा सफलता पूर्वक वोटिंग प्रक्रिया संपन्न हुई ।लोकतंत्र के इस महापर्व पर 76 उम्मीदवारों ने अपना भाग्य आजमाया ।विद्यालय के चार हाउस निमाड़ , मालवा , कौशल , और बुंदेल के 24 छात्र प्रतिनिधि निर्वाचित हुए ।इन चुने हुए प्रतिनिधियों , शिक्षकों और कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने मिलकर हेड बॉय और हेड गर्ल का चुनाव किया। गौरी मंडलोई हेड गर्ल और नीरज पटेल हेड बॉय के रूप में चुने गए। चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद 12 जुलाई को विद्यालय में शपथ विधि समारोह रखा गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद डॉ दिलीप जी करपे ने की। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख सुरेन्द्र पांचोंटिया एवं श्री लक्ष्मण बांगा भी उपस्थित रहे। । कार्यक्रम के आगे की कड़ी में महोदय ने सभी प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ अखिलेश जी पाटीदार ने बताया कि विद्यालय का प्रयास बच्चों को लोकतंत्र से जोड़ना है। इस लोकतंत्र के महापर्व पर संस्था के संचालक श्री मितेश जी पाचोटिया एवं शपथ ले रहे बच्चो के पालक भी मौजूद रहे ।कार्यक्रम का संचालन नेहा राठौर और श्री पंकज बोरोले ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन दीक्षा पाटीदार ने किया।

### यातयात नियमों की जानकारी दी




**बिस्टान निप्र।** नशे की प्रवृत्ति घर परिवार को बर्बाद करती है। नशे की वजह से आपराधिक प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है ।नियमों के पालन के संबंध मैं विद्यार्थियों वर्ग से कहीं ।अभियान के तहत सांदीपनि स्कूल एवं ब बन्हेर रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान लोगों को जागरूक किया, यातायात के नियमों का पालन करने और शराब पीकर वाहन नहीं चलने की समझाइए दी गई ।

### आकाशवाणी और विविध भारती पर चोली के मंदिरों की जानकारी देंगे दुर्गेश राजदीप

**मंडलेश्वर, निप्र।** साढ़े ग्यारह हनुमान और चौंसठ योगिनी की भूमि महाभारत कालीन गांव चोली के ऐतिहासिक महत्व को इतिहासकार दुर्गेश राजदीप और नवीन कुमार आकाशवाणी और विविध भारती के विशेष कार्यक्रम में बताएंगे।



पर्यटन को बढ़ावा देने की सरकार की योजना के अनुसार ग्राम चोली में भी पर्यटन की असीम संभावनाएं है जरूरत है उसके प्रचार प्रसार की ।इस कार्य के लिए आकाशवाणी द्वारा आधा घंटे का विशेष कार्यक्रम तैयार किया गया है ।आकाशवाणी के मशहूर उद्घोषक उदित तिवारी की मनभावन आवाज में यह कार्यक्रम चोली के गौरी सोमनाथ मंदिर में रिकॉर्ड किया गया। जहां इतिहास और धार्मिक महत्व के बारे में दुर्गेश राजदीप के साथ नवीन कुमार और गौरव सिंह ठाकुर ने अपनी बात रखी ।दूरदर्शन इंदौर के केंद्र निदेशक बी पी चतुर्वेदी की आवाज चोली की खूबसूरती का बखान करेगी ।इस कार्यक्रम का प्रसारण सोमवार सुबह 10 बजे विविध भारती पर और 10 .30 बजे आकाशवाणी पर होगा।

### अवैध जुआ खेलने वाले 4 आरोपियों पर कार्रवाई

**कसरावद।** पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड़ रेंज सिद्धार्थ बहुगुणा के व्दारा जुआ सट्टा के




अवैध संचालन पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षकशकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन मे समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । थाना कसरावद पर अवैध जुआ खेलने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ।दिनांक 12 .07 .2025 को थाना कसरावद पर पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, कुछ लोग ग्राम बालसमुद मे सिकन्दर घर पास हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है । सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना कसरावदसे पुलिस टीम का गठन कर टीम को मुखबिर की सूचना से अवगत करवाकर मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश डालने हेतु तत्काल रवाना किया गया । पुलिस टीम टीम के द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी,04 आरोपियों को पकड़ा ।

# बस स्टैंड पर सीमेंटीकरण का काम शीघ्र होगा पूरा

## इसके बाद लगेगा टीन शेड यात्रियों की समस्याएं होगी दूर



नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र। बस स्टैंड सी सी कार्य अब गति पकड़ चुका है जो तीन चार दिन में पूरा हो जाएगा ।लंबी प्रतीक्षा के बाद यह कार्य शुरू हुआ है। बस स्टैंड मंडलेश्वर क्षेत्र का व्यस्त बस स्टैंड है जहां से प्रतिदिन लगभग 120 निजी यात्री बसों का संचालन होता है।**

दो माह पूर्व यहां सी सी कार्य के लिए खुदाई की जाने से बसों के संचालन में दिक्कतें आ रही थी खुदाई के बाद यहां गिट्टी डाल दी गई थी उसके बाद काम बंद हो गया और बारिश शुरू हो गई जिससे यहां यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।बारिश में भीगते यात्रियों को यहां आसपास को दुकानों में सर छुपाना पड़ रहा है ।अब सीमेंट कंक्रीट का काम शुरू होने से यात्रियों की परेशानी समाप्त होगी।

### टीन शेड लगाकर बैठक व्यवस्था की जाएगी

मंडलेश्वर का यात्री प्रतीक्षालय कुछ ही दिनों के तैयार होने वाला है ।सी सी कार्य पूर्ण होने के बाद यहां नगर परिषद द्वारा परिषद के मद से टीन शेड लगाया जाएगा ।परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने बताया कि कायाकल्प योजना के प्रथम चरण में लगभग 11 लाख की लागत से बस स्टैंड पर कंक्रीट किया जा रहा है जहां बसे खड़ी होगी। बस स्टैंड पर 24 बाय 27 फिट का टीन शेड भी लगाया जाएगा ।जिसमें पंखे और बेंच लगाई जाएगी ।यहां वाटर कुलर पहले से लगा है साथ ही यात्री प्रतीक्षालय के पास दो सुविधागृह भी है जिनकी सुविधा यात्रियों को मिलेगी ।भविष्य में यहां परिषद द्वारा एक और वाटर कुलर लगाने की योजना है ।यह कार्य शीघ्र पूरा हो जाएगा एक दो हफ्ते बाद नए सी सी टर्फ पर बसे खड़ी होने लगेगी अभी बसे रोड पर खड़ी की जा रही है।

### पेवर ब्लॉक लगाने का काम भी शुरू

नगर में सौंदर्यीकरण कार्य भी चल रहे है नगर परिषद कार्यालय से लेकर अम्बेडकर प्रतिमा स्थल तक पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य भी गति पकड़ चुका है अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कार्यालय के सामने से कोर्ट गेट तक पेवर लगाने का कार्य प्रगति पर है। प्रधान जिला न्यायाधीश निवास से लेकर एस डी एम , एस डी ओ पी और विशेष न्यायाधीश के बंगलो के सामने भी जल्द पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे सड़क के दूसरी ओर यह कार्य किया जा चुका है।

## रूरल इंडिया एप आइडिया चैलेंज में 203 टीमों के 609 इंजीनियर्स ने लिया हिस्सा

### जवाहरलाल इंस्टीटयूट ऑफ टैक्नोलॉजी बोरावां में हावर्ड यूनिवर्सिटी की रिसर्च द्वारा आयोजित



नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र। जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बोरावां में शनिवार 12 जुलाई को हावर्ड यूनिवर्सिटी की रिसर्च टीम द्वारा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए रूरल इण्डिया एप आईडिया चैलेंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

इस प्रतियोगिता की शुरूआत मई 2025 में एक बेसलाईन सर्वे से हुई थी । जिसमें बी.टेक. और एम.सी.ए. पाठ्यक्रमों कुल 609 विद्यार्थियों ने भाग लिया था । तत्पश्चात उन्हें 3-3 के समूह में कुल 203 टीमों में विभाजित किया गया । हावर्ड यूनिवर्सिटी के रिसर्चर आशुतोष बुराड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी रिसर्च टीम वर्क और लीडरशिप पर केन्द्रित है । इसके साथ ही विद्यार्थियों की तकनीकी क्षमताओं, टीम बिल्डिंग, लीडरशिप, एप्लीकेशन डेवलपमेंट एवं तकनीकी ज्ञान का आंकलन कर सही दिशा में उपयोग पर केन्द्रित करना है । श्री बुराड़िया ने आगे कहा कि रूरल इण्डिया पर आधारित प्रोजेक्ट को प्रेजेन्टेशन के माध्यम से सभी टीमों द्वारा तैयार कर जमा करना था । हमारी टीम द्वारा इनमें से 20 यूनिक प्रोजेक्ट का चयन किया गया जिसका आज शनिवार को जेआयटी बोरावां में आयोजित प्रतियोगिता में ऑनलाईन प्रेजेन्टेशन के माध्यम से चयन किया गया । इस प्रक्रिया में रिसर्च टीम का हिस्सा रही रिसर्च असिस्टेंट सिद्रा अली एवं 2 निर्णायक तेजस एवं मृदुल ने बेस्ट 3 आईडियाज का ऑनलाईन चयन किया गया ।

प्लेसमेंट अधिकारी एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो. नितिन नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम पुरस्कार संस्था की बी.टेक.प्रथम वर्ष की टीम उम्मेहानी , कार्तिकेय और अमन को रू 15 हजार नगद प्रदान किये गये । द्वितीय स्थान पर प्रथम वर्ष की टीम प्रियंका नकुल और अंकित को राशि रू 12 हजार नगद प्रदान किये । तृतीय स्थान पर अक्षा, सुफियान और नैना की टीम को राशि रू 10 हजार नगद प्रदान किये । इसके साथ ही 17 टीमों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में नगद 3 हजार प्रत्येक टीम को प्रदान किये । साथ ही हावर्ड यूनिवर्सिटी की रिसर्च टीम द्वारा प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भेजे जावेंगें ।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय , वरिष्ठ प्राध्यापकों एवं सभी विभागाध्यक्षों व शिक्षकों ने विजेता टीमों को पुरस्कार सौंपकर उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएँ की । इस आयोजन में डॉ. संजय चौहान, डॉ. संतोष पॅवार, डॉ. मनीष देशमुख , प्रो. कमलेश पाटीदार, प्रो. विनय देउलकर , प्रो. लवकेश पाटीदार का सहयोग सराहनीय रहा।

### पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री ने विजेताओं को दी बधाई

पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव ने अपने संदेश में संस्था में शनिवार को आयोजित रूरल इण्डिया एप आईडिया चैलेंज प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज का दौर आधुनिक सोच को क्रियान्वित करने का युग है ।हमारे विद्यार्थियों ने एप्लीकेशन टूल्स का उपयोग करते हुए शिक्षा, कृषि, प्रबंधन, स्मार्ट वर्क, डाटाबेस के प्रोजेक्ट के रूप में एप डिजाईन किये गये । सभी विजेताओं को मैं बधाई एवं शुभमानाएँ देता हूॅ। आने वाला समय आपका है , आप सभी मेहनत व लगन से पढ़ाई कर संस्थान और अपने परिवार को गौरवान्वित करें । मैं हावर्ड यूनिवर्सिटी के रिसर्चर आशुतोष बुराड़िया एवं उनकी टीम को भी धन्यवाद करना चाहता हॅ कि आपने हमारे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी के क्षेत्र में एक नया मार्ग दिखाया है ।



## प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों का स्वीकृति पत्र प्रदान किए

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 11 जुलाई को इन्दौर में स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित ''मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव'' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर परिषद कसरावद कार्यालय भवन में स्थित सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम में शासन के निर्देशानुसार कसरावद शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत नवीन स्वीकृत आवासों के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती विमला राजेन्द्र यादव एवं नगर परिषद ष्ढ्वश्र श्री कमलेश गोले द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पार्षदगण शेखर राठौर , दिनेश थावरे,शिरीष जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि हेमंत सोनी, परमानंद खेड़े, कड़वा सोलंकी, शहीद हैडली एवं संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## बंदियों को न्यायाधीश यादव ने दी कानूनी जानकारी

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** जिला जेल में शनिवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति राजकुमार यादव ने बंदियों को बताया कि कोई भी व्यक्ति जो आर्थिक अभाव के कारण अपना प्रकरण चलाने के लिए अधिवक्ता करने में सक्षम नहीं है, उसे प्राधिकरण द्वारा संचालित निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जाता है। बंदियों को प्ली.बारगेनिंग के माध्यम से अपने प्रकरणों का निराकरण कराने के संबंध में भी जानकारी दी गई। बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों से उनके स्वास्थ्य एवं भोजन के संबंध में जानकारी ली गई। शिविर में जेल अधीक्षक विद्याभूषण प्रसाद, उप जेल अधीक्षक सुभद्रा ठाकुर, पैरालीगल वालेंटियर राजेश राठौड, राजा निगवाल, भागीरथ खतवासे एवं जेल कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अभाविप ने महाविद्यालय में लगाया सहायता केंद्र

**खरगोन।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नगर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए सहायता केंद्र शुरु किया है। विभाग संयोजक निर्मल चौहान ने बताया नवीन प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी, दस्तावेज जैसे कॉलेज एवं छात्राहितों संबंधी मदद सहायता केंद्र के माध्यम से की जाएगी। नगर मंत्री अर्जुन सावले ने बताया कि अध्ययन करें वाले एवं नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को सहायता केंद्र के माध्यम से कागजी कार्रवाई पूरी करने में आसानी होगी।

## जनपद सदस्य पद पर संदीप राठौर निर्विरोध निर्वाचित



नवभारत न्यूज

**बिस्टान निप्र।** भगवानपुरा जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक-9 के उपचुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवार संदीप राठौर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। भाजपा बिस्टान मंडल अंतर्गत उक्त क्षेत्र में गढी, अंजनगाव, दाऊदखेड़ी ग्राम पंचायतें शामिल हैं। राठौर के निर्विरोध निर्वाचन पर भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, जिला उपाध्यक्ष सुगनकौर जाधव, जिला मंत्री चंदरसिंह वास्कले, जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार, बिस्टान मंडल अध्यक्ष बंटी राठौर, भगवानपुरा मंडल अध्यक्ष महेश डावर, सिरवेल महादेव मंडल अध्यक्ष रूपेश मालवीया, जनपद अध्यक्ष महेंद्र किराड़े, डॉ. विक्रम राठौर, सरपंच गोरेलाल सोलंकी आदि ने हर्ष जताया। राठौर के निर्वाचन व बिस्टान मंडल अध्यक्ष बंटी राठौर के कार्यकाल की पहली उपलब्धि पर बधाई दी।

**एक नजर में** | **धामनोद थानाक्षेत्र में हुई वारदात**

# नेशनल हाईवे पर परिवार से हुई लूट, पिटाई कर छीने 20 लाख के आभूषण



नवभारत न्यूज

**खरगोन। शहर के प्रतिष्ठित महाजन परिवार के साथ मुंबई- आगरा हाईवे पर बदमाशों ने लाठियों से पिटाई के बाद लाखों रुपए मूल्य के आभूषणों की लूट की वारदात को अंजाम दिया है। इस वारदात के बाद महाजन परिवार सहित समाज में में आक्रोश का माहौल है।**

बदमाशों की मारपीट में बुजुर्ग महिला सहित दो युवकों को गंभीर चोंटे आई है। पीड़ित सचिन सुरेशचंद महाजन ने बताया कि वह कपड़ा व्यवसायी होकर, शुक्रवार देरशाम खरगोन से अपने भाई वल्लभ, मां शारदा, पत्नि रेख और भांजी निशि महाजन के साथ पारिवारिक काम से इंदौर के लिए निकले थे। रात करीब 10 बजे फुडी रेस्टॉरेंट पर चाय पीने के बाद जैसे ही आगे बढ़े कुछ ही दूरी पर धामनोद से आगे पंचवटी रेस्टॉरेंट के समीप गाड़ी पंचर हो गई। ट्यूबलेस टायर होने के बाद भी गाड़ी लहराने पर रोकी और सभी सवार उतर गए। इसके बाद दूसरा टायर लगाने में करीब 10 से 15 मिनट का समय लगा। इस दौरान रात करीब 11. 30 बजे कुछ युवक आए और लाठियां बरसाना शुरु कर दी। बदमाशों ने महिलाओं पर झपटते हुए मंगलसूत्र, हाथ में पहनी सोने की चुडियां, बालियां, सोने की सर आदि खिंच लिए। दोनों भाईयों के गले में पहनी सोने की चैन भी खिंची। मां शारदाबाई के कान से टॉप्स इतनी निर्दयता से खिंचे की उनका कान कट गया।

### आरोपियों को जल्द पकड़े पुलिस

महाजन के मुताबिक बदमाश करीब 20 लाख रुपए से अधिक के आभूषण लूटकर ले गए। इसके बाद काकड़दा पुलिस एवं धामनोद पुलिस चारों ओर तलाश में जुट गई। वहीं परिजनों को इलाज के लिए धामनोद अस्पताल भेजा गया। धामनोद थाने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पूरे मामले में धामनोद पुलिस आसपास के क्षेत्र में जांच कर रही है। परिवार ने बताया कि उक्त घटना बेहद डरावनी थी, ऐसा किसी दूसरे परिवार के साथ न हो, इसलिए पुलिस गंभीरता से लुटेरों की तलाश कर जल्द गिरफ्तारी करें।